8/2/2021

# अब सायरन के साथ शुरु होगी अब शहर में सफाई

रतलाम ।शहर में सुबह और दोपहर के समय सफाई शुरु होती है, इसकी जानकारी आमजन तक पहुचाने के लिए नगर निगम रतलाम रविवार से एक नया प्रयोग शुरु करने जा रही है जिसके चलते सुबह 6.30 बजे और दोपहर 2.30 बजे सायरन की आवाज सुनाई देगी। प्रथम चरण में यह प्रयोग व्यापारिक क्षेत्रों से शुरु किया जा रहा है।स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नम्बर -1 बने इस हेतु सिविक सेन्टर स्थित मिटिंग हॉल ( एसबीएम सेल ) में आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निर्देशित किया कि रविवार से नगर निगम का समुचा अमला शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने हेतु सौंपे कार्यों को प्रारंभ करें।आयोजित बैठक में डॉ0 हिमांशु शुक्ला व श्री सुशील द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के एमआईएस डेश बोर्ड के बारे में निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया कि हम स्वच्छता के क्षेत्र में किस प्रकार से कार्य करके रतलाम को स्वच्छता के क्षेत्र में रतलाम को नम्बर 1 बना सकते है।निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस दौरान कहा कि रतलाम को स्वच्छता के क्षेत्र में देश में नम्बर 1 बनाया जा सकता है बस इसके लिये मेहनत व लगन होना आवश्यक है साथ ही नागरिकों की सहभागिता इसमें महत्वपूर्ण है इसके लिये इस अभियान में शहर के अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ा जाये।बैठक में स्वच्छता रैंकिंग में रतलाम को नम्बर 1 बनाने की जानकारी देने आए विशेषज्ञों ने निगम अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकार और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जानकारी देकर रतलाम को स्वच्छ और सुंदर बनाने के तरीके सहज और सरल तरीके से समझाते हुए कहां कि स्वच्छता क्रांति में शहर के हर व्यक्ति को जोड़ा जाना चाहिए।आयोजित बैठक में नगर निगम के स्वास्थ्य, लोक निर्माण सहित अन्य विभागों के प्रमुखों को बताया गया कि आमजन के बीच स्वच्छता मेरा संस्कार, रोको-टोको जैसे अभियान भी लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित कर सकते है।

(8)

**मंत्री भूपेंद्र सिंह ने अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के कार्यों की समीक्षा में दिए निर्देश**

राज एक्सप्रेस 12-2-2021

# जल-प्रदाय योजनाओं के कार्य में देरी पर करें एजेंसी को टर्मिनेट



भोपाल, (प्रसं)। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश अर्बन डेव्हलपमेंट कंपनी द्वारा करवाए जा रहे सीवेज और जल-प्रदाय योजनाओं के कार्य में अनावश्यक देरी करने वाली निर्माण एजेंसियों को टर्मिनेट करने की कार्रवाई की जाए। उनकी बैंक गारंटी भी जप्त की जाए। श्री सिंह ने यह निर्देश बुधवार को योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिये।

## बैंक गारंटी भी करें जप्त

उन्होंने कहा कि सीएसआर रिवाइज्ड किया जाए। सही डीपीआर बनाने के लिए मेकेनिज्म विकसित करें। सही डीपीआर नहीं बनने पर कंसलटेंट के खिलाफ भी कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मुख्यालय में रहें और लगातार स्थल निरीक्षण करें। टेक्निकल विंग मजबूत की जाए। लागत के अनुसार टेंडर का समय निर्धारित किया जाए। इससे कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने संभागवार पृथक-पृथक कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट पूरा करने में विलंब का स्पष्ट कारण बताएं। जहां पर सड़कों की खुदाई की गई है, उनको समय-सीमा में दुरुस्त करें। श्री सिंह ने कहा कि कार्य में कोई गतिरोध आए, तो एमडी निकुंज श्रीवास्तव से बात करें।

## अर्बन डेव्हलपमेंट कंपनी का यहां चल रहा है काम

मध्यप्रदेश अर्बन डेव्हलपमेंट कंपनी द्वारा 107 जल-प्रदाय, 22 मल-जल योजनाएं और 13 मिनी स्मार्ट सिटी का कार्य किया जा रहा है। इनमें से पीआईयू भोपाल में 08, होशंगाबाद में 07, इंदौर में 18, उज्जैन में 15, ग्वालियर में 16, मुरैना में 08, जबलपुर में 22, रीवा में 14, शहडोल में 07, सागर में 14, छिन्दवाड़ा में 02, खरगोन में 08 और छतरपुर में 03 योजनाओं में काम चल रहा है। यह योजनाएं विश्व बैंक, एशियन डेव्हलपमेंट बैंक और केएफडब्ल्यू बैंक द्वारा वित्त पोषित हैं। बैठक में प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास मनीष सिंह, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास निकुंज श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## नगरीय विकास विभाग और आईआईएम इंदौर के बीच एमओयू

भोपाल, (प्रसं)। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह की उपस्थिति में नगरीय निकायों के अधिकारियों और कर्मचारियों के क्षमता संवर्धन और उन्हें तकनीकी सहयोग देने के उद्देश्य से नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा आईआईएम, इंदौर के साथ एमओयू किया गया है। मंत्री श्री सिंह ने कहा है कि हमारा विभाग आईआईएम के सहयोग से नगरीय विकास के कार्यों में उत्कृष्टता लाएगा। इससे प्रदेश के नागरिक लाभान्वित होंगे। आईआईएम, इंदौर के डायरेक्टर हिमांशु राय ने कहा कि हमें उद्देश्य, उत्तरदायित्व और उत्कृष्टता पर कार्य करना है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के साथ मिलकर हम मध्यप्रदेश की शहरों के विकास के क्रम में शिखर पर ले जाएंगे। कैपेसिटी बिल्डिंग हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास मनीष सिंह और आयुक्त नगरीय प्रशासन और विकास निकुंज श्रीवास्तव उपस्थित थे।

# मैसेज व फोन के बाद भी नहीं आ रहे टीका लगवाने

## गुरुवार को 1967 में से 344 ने लगवाया टीका, कई कर्मचारियों ने बहाने बनाकर टाला

12-2-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना वैक्सीन टीकाकरण में गुरुवार को 15 केंद्रों पर 344 लोगों को टीके लगाए गए, जबकि 1967 लोगों को मैसेज देकर को बुलाया गया था। आधे से अधिक केंद्रों में टीकाकरण का प्रतिशत 50 से कम रहा। कुल 37.82 प्रतिशत ने टीका लगवाया। इसमें सर्वाधिक राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी रहे। नगरीय निकाय के कर्मचारियों ने भी टीका लगवाया। कुल 9 वायल में टीका लगाया गया है। टारगेट के विरुद्ध लगातार टीकाकरण कम ही रहा है, जबकि मैसेज देने के बाद फोन करके भी पंजीकृत कर्मचारियों को टीका लगवाने के लिए बुलाया जा रहा है। लोग बीमारी, बाहर होने या जरूरी काम का बहाना बनाकर टाल रहे हैं।

### निगमायुक्त सहित अन्य अधिकारियों ने लगवाया टीका

कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया सहित उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री राजेश पाटीदार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी डीआरपी लाइन स्थित सेंटर पर कोरोना का टीका लगवाया।

### फरवरी में तीसरी बार जीरो पॉजिटिव

गुरुवार को 115 नई रिपोर्ट में एक भी पॉजिटिव मरीज नहीं मिला। इस महीने 11 दिन में तीन, पांच और 11 फरवरी को तीन दिन मरीजों की संख्या शून्य रही। लगातार मरीज कम निकल रहे हैं, हालांकि सैंपलिंग की संख्या भी कम हो रही है, जिसका असर भी नए मामलों पर है। जिले में संक्रमितों की संख्या 4381 है और गुरुवार को 13 नए मरीज डिस्चार्ज होने पर कुल 4258 स्वस्थ हो गए, जबकि 82 की मौत हुई। फरवरी के 11 दिन में 41 नए मरीज मिले, 66 स्वस्थ हुए और दो की मौत हुई है। एक्टिव मरीजों की संख्या 41 हो गई है।



जिला अस्पताल की ओपीडी में लगी मरीजों की कतार। • नईदुनिया

### दस महीने बाद ओपीडी में बढ़ने लगी मरीजों की संख्या

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोनाकाल से 10 महीने बाद जिला अस्पताल में अब ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ी है। गुरुवार को मरीजों की संख्या 1300 तक पहुंच गई। हर विभाग की ओपीडी में 50 से 100 मरीज कतार में खड़े दिखे। इसके पहले करीब 700 मरीज उपचार के लिए आ रहे थे। जिला अस्पताल में अधिकांश वार्डों में बेड खाली रहते थे। अब महिला वार्ड तो पूरी तरह फुल हो गए हैं और पुरुष वार्डों में संख्या तेजी से बढ़ रही है। सबसे अधिक मरीज मेडिसिन व सर्जरी में आ रहे हैं।

सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर ने बताया कि मौसमी बीमारियों के अलावा सर्दी, शरीर दर्द, खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। इसे देखते हुए पूरे समय ओपीडी में डाक्टर मरीजों को देख रहे हैं। बुखार के मरीजों की जांच फीवर क्लीनिक में कराई जा रही है। अब हर बीमारी के मरीजों को भर्ती भी किया जा रहा है। आपरेशन की सुविधा भी चालू है। कोरोना के दौरान यह सुविधा गंभीर मरीजों को ही दी जा रही थी। ओपीडी के दौरान कोरोना सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

### एचआइवी सिफलिस डुअल टेस्ट किट से जांच शुरू



जिला अस्पताल के आइसीटीसी में किट से जांच करते हुए डा. योगेश नीखरा।

जिला अस्पताल के इंटीग्रेटेड काउंसिलिंग एवं टेस्टिंग सेंटर( आइसीटीसी) में अब एचआइवी की जांच सिफलिस डुअल टेस्ट किट प्राप्त हो गई है। अब 15 मिनट में टेस्ट रिपोर्ट भी प्राप्त हो जाएगी। इस किट से एक साथ दो जांचे हो सकेंगी। अभी तक अलग-अलग दो किट में जांच करनी पड़ती थी, जिसमें समय अधिक लगता था। गुरुवार को आरएमओ डा. योगेश नीखरा ने एचआईवी सिफलिस डुअल टेस्ट किट से जांच चालू कराई। डा. नीखरा ने बताया कि इस किट की खास बात यह है कि एक ही किट में सिफलिस एवं एचआइवी की जांच की जा सकती है। होल ब्लड या सिरम दोनों का उपयोग करके जांच की जा सकती है और 10 से 15 मिनट में रिजल्ट आ जाता है।

# फरवरी में तीसरी बार राहत... एक भी कोरोना पॉजिटिव नहीं मिला, मेडिकल कॉलेज में बचे सिर्फ 9 संक्रमित

- फरवरी के 11 दिन में सिर्फ 37 संक्रमित ही सामने आए
- जिले में एक्टिव केस अब सिर्फ 41 ही बचे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

12-2-2021

फरवरी का महीना कोरोना के लिहाज से हमारे लिए अच्छा साबित हो रहा है। गुरुवार को 9 दिन में ही तीसरा मौका ऐसा आया जब कोरोना पॉजिटिव की संख्या 0 ही रही। इधर, मेडिकल कॉलेज में भी खाली होने लगा है। गुरुवार को सिर्फ 9 पॉजिटिव का ही इलाज चल रहा था।

जिले में अब कोरोना पॉजिटिव की संख्या तेजी से घट रही है। गुरुवार को एक भी नया संक्रमित नहीं मिला। इससे पहले 3 फरवरी और 5 फरवरी को भी पॉजिटिव का आंकड़ा 0 ही रहा था। इस महीने पॉजिटिव मिलने की रफ्तार पर भी ब्रेक लगा है, 11 दिन में सिर्फ 37 संक्रमित ही सामने आए हैं। इससे कोरोना मरीजों की तादाद में कमी का पता चलता है।

**जिले में फरवरी में 10 से भी कम पॉजिटिव मिले :-** रोज 10 से कम ही मरीज मिल रहे हैं। जबकि, नवंबर महीने तक इतने पॉजिटिव एक दिन में ही सामने आ रहे थे। गुरुवार को कुल पॉजिटिव की संख्या 4381 रही। एक्टिव केस अब सिर्फ 41 ही बचे हैं।

### मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में 16 मरीज

इधर, नवंबर महीने तक मेडिकल कॉलेज में 200 मरीज तक इलाज ले रहे थे, लेकिन, अब कॉलेज का माहौल सूना-सूना हो गया है। गुरुवार को आइसोलेशन वार्ड में सिर्फ 6 मरीज भर्ती थे, इसमें भी पॉजिटिव 3, निगेटिव 2 और सस्पेक्टेड 1 था। आईसीयू में 16 मरीजों का ही इलाज चल रहा है, जिसमें 6 पॉजिटिव, 5 निगेटिव और 5 सस्पेक्टेड हैं। कॉलेज में कुल 22 मरीजों का इलाज हो रहा है, इनमें से पॉजिटिव 9 ही हैं।

**नए साल में मिले 292 पॉजिटिव,** - जिले में नए पॉजिटिव मिलने की रफ्तार पर ब्रेक लगा है। 1 जनवरी से अब तक सिर्फ 292 पॉजिटिव ही मिले हैं। ये संख्या बहुत कम है, जबकि नवंबर के महीने में 1017 संक्रमित सामने आए थे। एक महीने में 214 पॉजिटिव जुलाई माह में सामने आ चुके हैं।

**गंभीर मरीजों पर विशेष फोकस-**

*मरीज कम होने का पहला कारण है कि पॉजिटिव कम सामने आ रहे हैं, दूसरा ये कि ज्यादातर लोग होम आइसोलेशन में हैं। गंभीर मरीजों पर हमारा विशेष फोकस है। किसी भी मरीज की मौत ना हो, ये हमारी प्राथमिकता है। – डॉ. जितेंद्र गुप्ता,*
अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दै. भास्कर –पृष्ठ ......दिनांक...12-2-...2021

**सीवरेज सिस्टम में चार बड़ी रुकावट** • अब हरदेवलाला पीपली से त्रिपोलिया गेट तक चलेगी खुदाई

# सैलाना यार्ड से कस्तूरबा नगर तक रेलवे और एमपीआरडीसी लाइन की नहीं दे रहा इजाजत

## इधर, गुलमोहर और मंगलमूर्ति कॉलोनी में खुदाई का विरोध, अब बनाई नई योजना

भास्कर संवाददाता | रतलाम

12-2-2021

मुख्यमंत्री को दिखाए गए रोडमैप के अनुसार सीवरेज सिस्टम का काम जून तक पूरा होना मुश्किल है। प्रोजेक्ट हालांकि 82 प्रतिशत पूरा हो चुका है, लेकिन बाकी बचे 18 प्रतिशत काम पसीने निकाल देने वाले हैं। वजह लाइन डालने में आड़े आ रही चार बड़ी रुकावटें हैं। इसमें सैलाना यार्ड में बन रहे पंपिंग स्टेशन से निकलने वाली डीआई लाइन को कस्तूरबा नगर तिराहे तक ले जाकर मैन लाइन में जोड़ना है। इसके लिए रेलवे के इलाके में सैलाना यार्ड और सैलाना ओवरब्रिज से कस्तूरबा नगर तिराहे तक खुदाई करना पड़ेगी। इसके लिए रेलवे और एमपीआरडीसी दोनों ही परमिशन नहीं दे रहे। गुलमोहर और मंगलमूर्ति कॉलोनी में से भी लाइन गुजरना है, लेकिन रहवासी खुदाई के विरोध में हैं। लगभग एक माह से काम बंद पड़ा था लेकिन अब हरदेवलाला पीपली से त्रिपोलिया गेट तक लाइन डालने के लिए जल्द खुदाई शुरू हो जाएगी। गुरुवार को नगर निगम और ठेकेदार ने मिलकर योजना बना ली है। सघन आबादी और बाजार वाला इलाका होने से परेशानी आएगी।



खेतलपुर वाला एसटीपी बनकर तैयार है। गंदा पानी वहां पहुंचने लगेगा।

### सीवरेज सिस्टम अब तक

**सीवर लाइन** - 273.34 किमी में से लगभग 259 किमी डल चुकी।
**मैन होल** - टेंडर के अनुसार 5028 बनकर तैयार, 195 अतिरिक्त बन चुके
**हाउस चैंबर** - टेंडर के अनुसार 11500 तैयार, 100 अतिरिक्त बन चुके
**हाउस कनेक्शन** - 43273 में से 15035 मकानों के हो गए
**सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट** - करमदी रोड पर बन रहे 21 एमएलडी वाला 70 प्रतिशत तैयार, खेतलपुर में बन रहे 16.5 एमएलडी वाला 95 प्रतिशत तैयार
**पंपिंग स्टेशन** - पांच बनना है, अर्जुन नगर, डोसीगांव, दीनदयाल के तैयार, गोमदड़े की पुलिया और बरबड़ में बन रहे
**प्रोजेक्ट की प्रगति** - 82%
**प्रोजेक्ट कास्ट** - 136.37

### 4 बार बढ़ी डेडलाइन

रहवासियों के विरोध, चुनाव, बारिश के कारण रुक चुके सीवरेज प्रोजेक्ट की डेडलाइन नगर निगम चार बार आगे बढ़ा चुका है। जून 2017 में शुरू हुए प्रोजेक्ट की पहली डेडलाइन 31 दिसंबर 2019 थी। दूसरी बार जून 2020 और तीसरी बार दिसंबर 2020 और अब जून 2021 तक की सीमा तय की है।

### सीवरेज सिस्टम में कहां-कहां रुकावट

- गोमदड़े की पुलिया के पास बन रहे पंपिंग स्टेशन से कस्तूरबा नगर तिराहा तक लगभग 580 मीटर डीआई पाइप लाइन डलना है। रेलवे और एमपीआरडीसी की परमिशन नहीं मिल रही।
- हरदेवलाला पीपली से त्रिपोलिया गेट तक 1600 मीटर लंबाई तक 400 एमएम की मैनलाइन डालना बाकी, आबादी व बाजार वाले इलाके से दिक्कत
- फव्वारा चौक से 400 एमएम की मैन लाइन गुलमोहर होकर आगे जाना है, समिति खुदाई करने से मना कर रही है।
- मिडटाउन कॉलोनी से आ रही सब ट्रंक लाइन मंगलमूर्ति कॉलोनी से होकर गुजरना है, वहां भी रहवासी समिति विरोध कर रही है।

### कुछ जगह अनुमति नहीं

*■ हाउस कनेक्शन व सब ट्रंक लाइन का काम चल रहा है। कुछ जगह लाइन डालने की अनुमति नहीं मिल रही।* **- हरेश भाई,** *प्रोजेक्ट इनचार्ज ठेकेदार कंपनी*

***निर्देश दिए हैं-*** *■ 82 प्रतिशत से ज्यादा काम हो चुका है। ठेकेदार को तेजी से काम करने के निर्देश दे दिए हैं।*
**- सोमनाथ झारिया,** *आयुक्त*

(11)

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका–––पृष्ठ ........दिनांक..12–2–...202

दिन और रात के तापमान में होने लगी वृद्धि

# बसंत के पहले शुरू हुआ पतझड़ का दौर



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 12-2-2022

रतलाम. मौसम में परिवर्तन की शुरुआत अब हो चुकी है। बसंत पंचमी के पूर्व पेड़ों से पत्ते गिरना भी शुरू हो गए हैं। पतझड़ के साथ ही मौसम में गर्माहट ने भी दस्तक दे दी है। दिन के साथ रात के तापमान में भी वृद्धि का दौर शुरू हो गया है। बीते 4 दिनों से मौसम में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है जिसके चलते लोगों को अब दिन में गर्मी का एहसास होने लगा है, वही रात होने पर हल्की सर्द हवा लगती है।

मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार को दिन का तापमान 32.2 डिग्री दर्ज किया गया जबकि बुधवार की रात का तापमान 12.4 डिग्री था। इसके 4 दिन पूर्व दिन का तापमान 28.2 डिग्री दर्ज किया गया था जबकि रात का तापमान 8.2 डिग्री तक आ गया था। मौसम में लगातार परिवर्तन के चलते अब लोग मौसमी बीमारियों में जकड़ने लगे हैं जिसके चलते अस्पताल में सर्दी, खांसी, जुखाम के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

पेड़ों से पत्ते गिरने के चलते दिनभर सड़कों पर पत्ते गिरते रहते हैं। वही तेज हवा चलने पर इधर उधर उड़ जाते हैं। मौसम में परिवर्तन के साथ ही ग्रीष्म ऋतु की दस्तक भी अब होने लगी है। दरअसल बसंत पंचमी के बाद होली के बाद से ही मौसम पूरी तरह से बदल जाता है और गर्मियां शुरू हो जाती है। पतझड़ के चलते शहर की साफ करके फिर से पत्तों से पट जाने के कारण गंदी नजर आने लगती है।

दैनिक भास्कर 12-2-2021 रतलाम

**व्यवस्था में परिवर्तन** • बिजली कंपनी के एमडी ने अधीक्षण यंत्रियों की ज़वाबदारी तय की

# सीएम हेल्पलाइन में शिकायतें कम हुईं तो मिलेगा प्रशस्ति-पत्र, नहीं तो मिलेगा नोटि

## प्रभारी अधिकारियों का जिम्मा बढ़ाया जाएगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बिजली कंपनी का फोकस सीएम हेल्पलाइन में मिलने वाली शिकायतों को कम करने का है। इसके लिए बिजली कंपनी के अधीक्षण यंत्रियों को शिकायतें कम करने के निर्देश जारी किए हैं। जो अधीक्षण यंत्री शिकायतें कम करेगा उसे बिजली कंपनी प्रशस्ति पत्र प्रदान करेगी और जो लापरवाही बरतेंगे कंपनी उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करेगी।

गुरुवार को पूरे प्रदेश में जहां शिकायतों की संख्या 7 हजार के करीब थी। वहीं मप्रपक्षेविविकं के 15 जिलों से संबंधित शिकायतें 935 ही रहीं। शिकायतें भले ही कम हैं लेकिन आगामी दिनों में ये शिकायतें और कम हो इसके लिए बिजली कंपनी जुट गई है। अगले माह से सीएम हेल्पलाइन का तेजी से समाधान करने वाले जिलों को प्रशस्ति पत्र जारी किया जाएगा। वहीं जहां शिकायतों पर संज्ञान लेने में लापरवाही बरती गई, उनके प्रभारी अधिकारियों को नोटिस जारी किया जाएगा। फोर्स क्लोज करने के पहले अधिकारी स्वयं मामले को देखेगा, इसके बाद निर्णय ले सकेगा।

### पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी में 935 शिकायतें, प्रदेश में 7 हजार से ज्यादा

**किस जिले में कितनी शिकायतें**

| | | | |
|---|---|---|---|
| रतलाम | 56 | खंडवा | 79 |
| नीमच | 72 | खरगोन | 66 |
| मंदसौर | 85 | आगर | 65 |
| धार | 50 | आलीराजपुर | 05 |
| इंदौर | 198 | झाबुआ | 07 |
| उज्जैन | 111 | बड़वानी | 13 |
| देवास | 107 | | |

### शिकायतों की मॉनिटि की जा रही है

बिजली कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक संतोष टैगोर ने ब कि एमडी के निर्देश पर सीए हेल्पलाइन में आने वाली शि की सघन मॉनिटरिंग की जा है। सीएम हेल्पलाइन को लेक आगे से जो अधिकारी अच्छ करेगा उसे प्रशस्ति पत्र मिले और जिसका परफॉर्मेंस कम उसे कारण बताओ नोटिस ज किया जाएगा।

दै. भास्कर

पत्रिका 12-2-2021

## निर्माण श्रमिकों का होगा पंजीयन

रतलाम. मप भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण के अंतर्गत भवन एवं अन्य सनिर्माण कार्यों में सलंग्न असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के पंजीयन का कार्य 31 मार्च तक जारी रहेगा। इस संबंध में श्रम विभाग द्वारा संभागायुक्त एवं कलेक्टर को निर्देश जारी किए है। निर्माण श्रमिकों के पंजीयन के लिए 2 अक्टूबर 2020 से तीन माह का विशेष पंजीयन अभियान चलाया गया था। अभियान की अवधि 31 मार्च 2021 तक बढ़ाई गई है।

## निर्माण श्रमिकों का पंजीयन 31 मार्च तक

दैनिक 12-2-21

रतलाम | भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीयन 31 मार्च तक चलेगा। श्रम विभाग ने इस संबंध में कलेक्टर को निर्देश जारी कर दिए हैं। पंजीयन की शुरुआत 2 अक्टूबर से हुई थी। विभाग ने इसकी समय सीमा बढ़ा दी है।

भास्कर

## निर्माण श्रमिकों के पंजीयन 31 मार्च तक

रतलाम। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण के अंतर्गत भवन एवं अन्य संनिर्माण कार्यों में सलंग्न असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के पंजीयन का कार्य 31 मार्च तक जारी रहेगा। श्रम विभाग द्वारा सभी संभागायुक्त एवं जिला कलेक्टर को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। निर्माण श्रमिकों के पंजीयन के लिए दो अक्टूबर 2020 से तीन माह का विशेष पंजीयन अभियान चलाया गया था। अभियान की अवधि 31 मार्च 2021 तक बढ़ाई गई है। नईदुनिया 12-2-2021


## जिला सलाहकार समिति की बैठक आज

रतलाम। नेहरू युवा केंद्र संगठन, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा वार्षिक कार्ययोजना अनुमोदन एवं कार्यक्रमों के आयोजन के लिए जिला सलाहकार समिति की बैठक 12 फरवरी को न्यू कलेक्टोरेट कार्यालय सभाकक्ष में होगी। अध्यक्षता कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड करेंगे।

नईदुनिया

(५)

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–राज एक्सप्रेस पृष्ठ ........ दिनांक 12-2-2021



# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय पर निपटारा करें : आयुक्त

राज एक्सप्रेस 12-2-2021

रतलाम। सिविक सेन्टर स्थित तरणताल (स्वीमिंग पुल) के पीछे स्थित मिटिंग हॉल में निगम आयुक्त ने निगम के विभाग प्रमुखों की साप्ताहिक टी.एल.बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बैठक में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निर्देशित किया कि जिस-जिस विभाग में सीएम हेल्प लाईन की शिकायत लंबित है उनका समय-सीमा में निराकरण करवाकर शिकायत बंद करावें साथ ही 100 व 300 दिवस से उपर की लंबित शिकायते है उन्हे 2 दिवस में अनिवार्य रूप से कटवाना सुनिश्चित करें। लोक सेवा से संबंधित नगर निगम द्वारा दी जाने वाली सेवाऐं प्राथमिकता से नागरिकों को दिये जाने हेतु निगम आयुक्त ने निर्देशित किया साथ ही संबल योजना के प्रकरणों का श्रम विभाग व ननि के अधिकारी-कर्मचारी समन्वय के साथ निराकरण करने के निर्देश दिये।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ ........ दिनांक 12-2-2021

# 112 दिनों में ठीक किए 142 वॉल्व व 746 पाइप लीकेज

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 112 दिनों में 142 वॉल्व व 746 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है। रतलाम जलप्रवित अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है। गुरुवार को कस्तूरबा नगर रोटरी गार्डन, अंबिका नगर पानी की टंकी भरने वाली लाइन, हरमाला रोड फूल मंडी के पास, हिम्मत विहार कॉलोनी साईं मंदिर के पास, सखवाल नगर ब्रिज के नीचे, कॉन्वेंट स्कूल के पास, प्रताप नगर, जावरा रोड, शास्त्री नगर व निगम कार्यालय के सामने पाइप लाइन लीकेज ठीक किए गए। उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैयालाल चौधरी के अलावा नीरज यादव, मोहन आदि के निर्देशन में की गई।

(6)

## दिनभर में पकड़े 5 मवेशी, रात के पहले बंद हो रहा अभियान

# अभियान के बाद एक बार भी सड़क पर नहीं उतरे निगमकर्मी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 12-2-2021



रतलाम. नगर निगम ने एक माह पूर्व दिन के साथ साथ रात में भी मवेशी पकड़ने के अभियान चलाने की घोषणा की थी। यह अभियान दिन में तो चल रहा है, लेकिन घोषणा के एक माह बाद भी रात में मवेशी पकड़ने के अभियान को निगम के कर्मचारी अब तक नहीं चला पाए हैं। दिनभर में 3से 5 मवेशी पकड़ने वाले निगम कर्मचारी शाम होने से पहले ही अभियान को बंद कर रहे हैं।

नगर निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के अंतर्गत शहर की सड़कों पर मवेशी पकड़ने के अभियान की शुरुआत अक्टूबर माह से की थी। अक्टूबर से लेकर 11 फरवरी तक नगर निगम ने 600 से अधिक मवेशी पकडे है व उनको गौशाला में भेजा है। दिनभर में 3 तो कभी 6 मवेशी पकड़ने वाले निगमकर्मियों को कभी एक साथ 10 मवेशी भी नजर नहीं आए। आमजन का मानना है कि अभियान खानापूर्ति रह गया है।

### यहां रात में जमघट

रात की बात करें तो शहर की सड़कों पर मवेशियों का जमघट रहता है, यह सबको दिखते है बस नगर निगम के कर्मचारियों को नजर नहीं आते है। नगर निगम के करीब नजरबाग, नजरबाग के सामने स्थित पैलेस रोड, गौशाला रोड, चांदनीचौक, चौमुखीपुल, माणकचौक के साथ साथ जवाहर नगर, राममंदिर रोड, महू रोड, प्रतापनगर, शेरानीपुरा रोड क्षेत्र में मवेशियों का झुंड खड़ा रहता है। इतना ही नहीं, शेरानीपुरा व भक्तन की बावड़ी सहित रामगढ़ क्षेत्र में तो सुबह के समय अतिमक्रिया के लिए जाने वालों को भी इन मवेशियों के कारण परेशानी होती है। इसके बाद भी निगम के वरिष्ठ अधिकारी इस पर संज्ञान नहीं ले रहे है।

### एक दिन भी नहीं चला

11 फरवरी को निगम के रात में मवेशी पकड़ने के अभियान की सूचना दिए पूरा एक माह हो गया। जब निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से इस बारे में जानकारी चाही तो उनका कहना था कि यह सच है कि रात में अभियान चलना है, लेकिन फिलहाल शुरू नहीं किया गया है। हालांकि कागज में प्रतिदिन सूचना प्रसारित की जा रही है कि रात में भी मवेशी पकड़ने का अभियान चलेगा।

यह सही है कि रात में मवेशी पकड़ने का अभियान चलना है, लेकिन इसकी शुरुआत फिलहाल नहीं की गई है। रात में मवेशी पकड़ने में तकनीकी समस्या यह आ रही है कि गौशाला खुली नहीं मिलती है। - **एपीसिंह**, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम

### 659 मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 659 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। गुरुवार को चांदनी चौक, बाजना बस स्टैंड, करमदी नाका व त्रिपोलिया गेट से चार मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

नईदुनिया



# स्ट्रीट वेन्डरों ने डिजिटल ट्रांजेक्षन का प्रशिक्षण प्राप्त किया

रतलाम । पी.एम. स्वनिधी के तहत ऋण प्राप्त स्ट्रीट वेन्डरों को "मैं भी डिजिटल हूँ" अभियान के तहत डिजिटल ट्रांजेक्षन का प्रषिक्षण नगर निगम सभागृह में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, उपायुक्त श्री विकास सोलंकी की उपस्थिति में दिया गया। मैं भी डिजिटल हूँ अभियान के तहत पी.एम. स्वनिधी योजनान्तर्गत ऋण प्राप्त करने वाले स्ट्रीट वेन्डरों को बैंक मैनेजरो द्वारा डिजिटल ट्रांजेक्षन का प्रषिक्षण देते हुए बताया इससे आप रूपयो का लेन-देन कर सकते हैं इसमें समय भी कम लगने के साथ सुविधाजनक होता है साथ ही ऋण वापसी में भी यह सहयोगी होगा। इस अवसर पर हितग्राहियों को आई कार्ड स्वरूप् बार कोड व कोरोना से बचाव हेतु मास्क का वितरण किया गया। इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया बजाज खाना बैंक जिला समन्वय श्री राम राजेन्द्र मणी, झोन अधिकारी तरन्नुम खान, मार्केट अधिकारी श्री आनन्द, सिटी मैनेजर श्री नितिन तिवारी श्री कपील मारोठिया सहित हितग्राही उपस्थित थे। दैनिक प्रसारण

# वार्ड प्रभारी व ड्रायवर को सेवा से बर्खास्त किये जाने सूचना पत्र जारी

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार वार्ड क्रमांक 26 के कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर मुकेश द्वारा बिना सूचना के अनुपस्थित रहने व वार्ड क्रमांक 31 में कचरे के ढेर पाये जाने पर वार्ड प्रभारी दिनेश-बंशी का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 36 स्थित कालिका माता, पुराने कलेक्टोरेट व अन्य स्थानों पर सफाई नहीं पाये जाने पर वार्ड प्रभारी संजय डिंडोर को हटाया जाकर झोन क्रमांक 2 पर नियुक्त किया गया व झोन क्रमांक 2 शरद खरे को वार्ड 36 का वार्ड प्रभारी नियुक्त किया गया। इन्दौर समाचार

(10)

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण–––पृष्ठ ........दिनांक 12–2–2021

## वार्ड प्रभारी व ड्रायवर को सेवा से बर्खास्त किए जाने सूचना पत्र जारी

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार वार्ड क्रमांक 26 के कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर मुकेश द्वारा बिना सूचना के अनुपस्थित रहने व वार्ड क्रमांक 31 मे कचरे के ढेर पाए जाने पर वार्ड प्रभारी दिनेश–वंशी का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने के संबंध मे कारण बताओ सूचना–पत्र जारी किया गया। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 36 स्थित कालिका माता, पुराने कलेक्टोरेट व अन्य स्थानों पर सफाई नही पाए जाने पर वार्ड प्रभारी संजय डिंडोर को हटाया जाकर झोन क्रमांक 2 पर नियुक्त किया गया व झोन क्रमांक 2 शरद खरे को वार्ड 36 का वार्ड प्रभारी नियुक्त किया गया। प्रसारण 12-2-2021

# बंधक भूमि छुड़ाने का मिलेगा एक और मौका


**वैभव श्रीधर • भोपाल**

राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के कर्जदार किसानों को अपनी हजारों हेक्टेयर बंधक भूमि छुड़ाने का शिवराज सरकार एक मौका और देगी। इसके लिए सहकारिता विभाग ने एक बार फिर एकमुश्त समझौता योजना लाने का प्रस्ताव तैयार किया है। दरअसल, बैंक बंद (परिसमापन) की प्रक्रिया में है और 85,537 किसानों से 2,580 करोड़ रुपये की वसूली होनी बाकी है। इस राशि को प्राप्त करने और किसानों को बंधक भूमि वापस लौटाने के लिए 2017 में समझौता योजना लाई गई थी। इसमें 20 हजार से ज्यादा किसानों ने 82.67 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाकर 49,600 हेक्टेयर भूमि को मुक्त करा लिया था।

खराब वित्तीय प्रबंधन के कारण किसानों को दीर्घकालीन ऋण देने वाला राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक खुद कर्ज की गिरफ्त में फंस गया और अंत तक उबर नहीं पाया। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) से शासन की गारंटी पर ऋण लेकर इसने किसानों को दिया था लेकिन वसूली नहीं हुई। शासन ने नाबार्ड का कर्ज तो अपने ऊपर ले लिया और उसे चुका भी दिया पर सहकारी बैंक का कर्ज फंसा हुआ है। इसे वसूल करने के लिए शिवराज सरकार ने पिछले कार्यकाल में एकमुश्त समझौता योजना लागू की थी। इसमें तीन किस्तों में मूलधन लौटाने पर ब्याज पूरी तरह माफ करने प्रविधान था। 90 हजार से ज्यादा किसानों ने योजना से लिखित में सहमति जताई पर 20 हजार किसानों ने ही 82.67 करोड़ रुपये चुकाए। इससे किसानों को 213 करोड़ रुपये की ब्याज माफी मिली और 49, 600 हेक्टेयर जमीन भी बंधक नहीं रही। हालांकि, योजना से जो उम्मीद थी वो पूरी नहीं हुई। अभी भी 38 जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों को किसानों से 2,580 करोड़ रुपये लेने हैं। इसमें मूलधन लगभग सात सौ करोड़ रुपये है। 50 हजार हेक्टेयर से ज्यादा भूमि बैंक के पास बंधक है। इसे छुड़ाने के लिए किसानों को कर्ज चुकाना होगा, जो बिना समझौता योजना के संभव नहीं है। इस कारण फिर एकमुश्त समझौता योजना लाने का प्रस्ताव तैयार किया है, जिस पर अंतिम निर्णय कैबिनेट में लिया जाएगा।

**तैयारी**

- सहकारिता विभाग फिर एकमुश्त समझौता योजना करेगा लागू
- राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के कर्जदार हैं किसान



**नईदुनिया फोकस**

**20** हजार प्रदेश के किसान 49,600 हेक्टेयर जमीन अब तक करवा चुके हैं बंधनमुक्त

**85** हजार 537 किसानों से 2580 करोड़ रुपये की वसूली होना अब भी है बाकी

### जिला सहकारी बैंकों को दे सकते हैं वसूली का जिम्मा

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि भले ही बैंक परिसमापन की प्रक्रिया में हो, पर किसानों के ऊपर कर्ज चढ़ा हुआ है और वह बरकरार रहेगा। बैंक के पास बंधक भूमि को न तो बेचा जा सकता है और न ही उस पर ऋण लिया जा सकता है। वसूली के लिए सहकारिता आयुक्त कार्यालय ने प्रस्ताव दिया है कि 38 जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों को यह जिम्मा सौंप दिया जाए। वे सहकारी समितियों के माध्यम से वसूली करें और उस राशि को सरकार को सौंप दें। इस काम के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– तेज प्रहरी पृष्ठ ........ दिनांक...12–2–2021

# स्वच्छता चुनौती है, इसका डट कर मुकाबला करेंगे

## स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के तहत सुभाष नगर सहित आधा दर्जन क्षेत्रों के नागरिकों ने जागरुकता कार्यक्रम में लिया स्वच्छता का संदेश





रतलाम । आपको जब महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। शायद कुछ लोगों को याद होगा और जिन्हें याद नहीं होगा उन लोगों को मैं याद दिलाना चाहूंगा, गांधी जी ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर हमारे शहर क स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें और इस सपने को साकार बनायें।

स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के तहत स्वच्छ और सुंदर रतलाम की कल्पना को साकार कर रतलाम को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर–1 बनाने के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में चल रहे जागरुकता कार्यक्रम के तहत बुधवार को सुभाषनगर स्थित मांगलिक सभागृह में समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने उपस्थित महिलाओं और बच्चों को संबोधित करते हुए कहां कि सच्चाई यही है कि इस सपने को साकार बनाने के लिये देश और प्रदेश के युवा को आगे आना होगा और गांधी जी के सपने को हकीकत में बदलने का प्रयास करना होगा। वर्तमान समय में स्वच्छता हमारे लिए एक बड़ी चुनौती है। यह समय रतलाम शहर के लिए बदलाव का समय है, बदलाव के इस दौर में यदि हम स्वच्छता के क्षेत्र में पीछे रह गए तो आर्थिक उन्नति का कोई महत्व नहीं रह जाएगा। साथ ही हमें इसे एक बड़े स्तर पर भी देखने की जरूरत है ताकि हमारे पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके।

निगम आयुक्त ने उपस्थितजनों से फीडबैक में भी सहयोग कर नगर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर–1 बनाने का आव्हान किया है। उन्होने कहां कि साफ–सफाई केवल सफाई कर्मचारियों की ही जिम्मेदारी नहीं है, यह हम सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है कि हम अपने शहर और गांवों को साफ और सुरक्षित रखें। हमें यह नजरिया बदलना होगा और मैं जानता हूं कि इसे केवल एक अभियान बनाने से कुछ नहीं होगा। पुरानी आदतों को बदलने में समय लगेगा लेकिन यह इतना मुश्किल काम भी नहीं है।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ

आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व महिला एवं बाल विकास विभाग की वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्रीमती प्रेरणा तोगड़े व हेमलता गेहलात के मार्गदर्शन में आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के तहत यहां रांगोली, भाषण, क्विज, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं में महिलाओं व बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इन स्पर्धाओं में सफल रहे प्रतियोगी क्रमशः कु.रागिनी, मोनिका, रीया, यामिनी, जयश्री, राधिका, प्रिया,सपना, नेहा के साथ ही अरुणा शर्मा,, हेमलता शर्मा, तारा राठोर, किरण मैना, बंसती जीनवाल,शहनाज खान, ज्योति कांवरिया, अफरोज खान, सुनीता चौहान, चंदा चौहान, प्रतिभा जैन और चेतना बारमेचा आदि को भी नगर निगम आयुक्त व अतिथियों ने संबोधित किया।

तेज प्रहरी · 8–2

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–राजस्थान–पृष्ठ .......दिनांक..12-2-2021

# स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत हुई प्रतियोगिताएं

राजस्थान 12-2-21





**रतलाम।** आपको जब महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। शायद कुछ लोगों को याद होगा और जिन्हें याद नहीं होगा उन लोगों को मैं याद दिलाना चाहूंगा, गांधी जी ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर हमारे शहर क स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें और इस सपने को साकार बनायें।

**विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआः** आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व महिला एवं बाल विकास विभाग की वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्रीमती प्रेरणा तोमड़े व हेमलता गेहलात के मार्गदर्शन में आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के तहत यहां रांगोली, भाषण, क्विज, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं में महिलाओं व बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इन स्पर्धाओं में सफल रहे प्रतियोगी क्रमश- कु.रागिनी, मोनिका, रीया, यामिनी, जयश्री, राधिका, प्रिया,सपना, नेहा के साथ ही अरुणा शर्मा,, हेमलता शर्मा, तारा राठोर, किरण मैना, बंसती जीनवाल, शहनाज खान, ज्योति कांवरिया, अफरोज खान, सुनीता चौहान, चंदा चौहान, प्रतिभा जैन और चेतना बारमेचा आदि को भी नगर निगम आयुक्त व अतिथियों ने संबोधित किया।